## कार्यालय प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा (म.प्र.)

प्राचार्य कक्ष – 07577-222153 NAAC द्वारा 'C' ग्रेड से मूल्यांकित महाविद्यालय कोड- 3207
कार्यालय - 07577-222048 Email ID: hegaacchar@mp.gov.in


# कैरियर मार्गदर्शन समेकित रिपोर्ट सत्र 2020-21

## स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा

## की

## कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के द्वारा

## वार्षिक कैरियर कैलेंडर सत्र 2020-21 के अनुपालन में माहवार आयोजित ऑनलाइन कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम की समेकित रिपोर्ट

********************

निदेशक, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन की पत्र क्रमांक 198/SVCGS/2020 दिनांकः 27.10.2020 के माध्यम से जारी वार्षिक कैरियर कैलेंडर सत्र 2020-21 के अनुपालन में स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा की कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के द्वारा प्रत्येक माह निर्धारित एवं प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सभी विद्यार्थियों हेतु गूगल मीट के माध्यम से माहवार (अक्टूबर 2020 से मार्च, 2021 तक), ऑनलाईन कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनका समेकित प्रतिवेदन निम्नानुसार:-

### माह-अक्टूबर, 2020

स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा में 'गांधी जयंती; दिनांक 02 अक्टूबर, 2020 के अवसर पर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के तत्वाधान में **"राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: मातृभाषा और महात्मा गांधी"** विषय पर ऑनलाइन वेब के माध्यम से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैरियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ की जिला नोडल अधिकारी, डॉ. धीरा शाह, विभागाध्यक्ष (इतिहास) द्वारा संगोष्ठी की संक्षिप्त जानकारी के साथ हुआ। संस्था प्रमुख तथा प्राचार्य प्रोफ़ेसर (डॉ) प्रभा सोनी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि मातृभाषा में ही बालक सही तरीके से शिक्षा प्राप्त कर सकता है। अतः शिक्षक हर हालत में विद्यार्थी को उसकी मातृभाषा में कम से कम प्राथमिक शिक्षा तक अवश्य देना चाहिए।

व्याख्यान माला में सर्वप्रथम डॉ. मीना राठौर, सहायक प्राध्यापक (हिंदी) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। कार्यक्रम के द्वितीय वक्ता, डॉ सी पी गुप्ता, सहायक प्राध्यापक (इतिहास) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मातृभाषा और मातृभाषा पर गांधी के विचारों पर प्रकाश डाला। डॉ. निर्मला डोंगरे, सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) ने राष्ट्रवाद की व्यापकता को श्रोताओं के समक्ष रखा। डॉ. धर्मेंद्र कुमार कोरी, सहायक प्राध्यापक (हिंदी) ने कहा कि व्यक्ति की प्राथमिक सोच उसकी मातृभाषा में ही पैदा होती है उसे प्रथम अवसर शिक्षा का मातृभाषा में ही मिलना चाहिए।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें से प्रमुख राजा सोलंकी, पंकज गार्गे, और यासमीन कुशवाहा ने व्याख्यान माला में भाग लेते हुए अपने विचार रखे, राजा सोलंकी ने स्वरचित कविता 'तुम गांधी बनो' सुनाई वहीं, पंकज गार्गे ने कोरकू और गौड़ लोगों को मातृभाषा द्वारा शिक्षा देने पर बल दिया। यामिनी कुशवाहा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि अंग्रेजी भाषा विद्यार्थियों के लिए एक तरह से बोझ बन गई है। कार्यक्रम का सफल संचालन, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ तथा व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. राकेश सिंह परस्ते, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) द्वारा किया गया। ऑनलाइन व्याख्यान कार्यक्रम बहुत ही रोचक, ज्ञानवर्धक एवं उद्देश्यपूर्ण रही। अंत में, डॉ संगीता बिले, विभागाध्यक्ष (गणित) द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

***********************

### माह- नवंबर, 2020

निदेशक, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन की पत्र क्रमांक 198/SVCGS/2020 दिनांकः 27.10.2020 के माध्यम से जारी वार्षिक कैरियर कैलेंडर सत्र 2020-21 के अनुपालन में प्रस्तावित

कार्यक्रमानुसार, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा की कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के द्वारा माह-नवंबर, 2020 में कक्षावार विभिन्न तिथियों में कुल 04 (चार) ऑनलाईन कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | दिनांक | मार्गदर्शन का विषय | विषय विशेषज्ञ/मार्गदर्शन देने वाले का नाम, पद, मोबाइल नं | लाभान्वित विद्यार्थियों की वर्ग अनुसार संख्या | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ST | | SC | | OBC | | GEN | | TOTAL | |
| | | | | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F |
| 1 | 20.11.2020<br>(स्नातक प्रथम वर्ष के नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु) | 'व्यक्तित्व विकास एवं विषय रूचि'<br>'अच्छा कैरियर कैसे बनाए'?<br>'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' | डॉ. प्रभा सोनी, प्राचार्य<br>श्री वी.के.विछोतिया, ग्रंथपाल<br>डॉ. सी.पी. गुप्ता, सहायक प्रा. (इतिहास) | 16 | 25 | 18 | 23 | 24 | 32 | 17 | 30 | 75 | 110 |
| 2 | 24.11.2020<br>(स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों हेतु) | LNG Foundation-Skill Centre, Indore द्वारा नि:शुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण की जानकारी | 1. श्री अजीत सिंह, केंद्र प्रभारी, LNG, Foundation Indore<br>2.श्री जीतेन्द्र पाटीदार, राज्य प्रभारी, LNG, Foundation Indore | 20 | 28 | 22 | 30 | 26 | 36 | 18 | 27 | 86 | 121 |
| 3 | 26.11.2020<br>(स्नातकोत्तर उतरार्ध के सभी विद्यार्थियों हेतु) | भारतीय संविधान में हमारे मौलिक कर्तव्य | श्री दुर्गेश तेली, सहायक प्रा.(राजनीति वि.) | 08 | 12 | 09 | 17 | 11 | 23 | 14 | 19 | 42 | 71 |
| 4 | 27.11.2020<br>(स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों हेतु) | नवंबर, 2020 में विज्ञापित कुछ महत्वपूर्ण सरकारी जॉब्स एवं रोजगार के विविध अवसर | डॉ. राकेश सिंह परस्ते, प्रकोष्ठ प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) | 15 | 24 | 13 | 27 | 16 | 32 | 23 | 33 | 67 | 116 |
| | कुल योग | | विषय विशेषज्ञों की सं.- 07 | 59 | 89 | 62 | 97 | 77 | 123 | 72 | 109 | 270 | 418 |

**प्रथम कार्यक्रम:**

उपरोक्तानुसार दिनांकः 20.11.2020 को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनान्तर्गत स्नातक प्रथम वर्ष के नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम कैरियर मार्गदर्शन के समन्वयक, डॉ राकेश सिंह परस्ते ने इस योजना के उद्देश्य और सरकार की नीतियों पर प्रकाश डाला। संस्था प्रमुख तथा प्राचार्य डॉ. प्रभा सोनी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास तथा विषय की रूचि किस प्रकार से पैदा की जा सकती हैं और उसे अपने जीवन में उतारा जा सकता है पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात, डॉ सी पी गुप्ता, सहायक प्राध्यापक (इतिहास) ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई तथा 5+3+3+4 की जानकारी देते हुए शिक्षा का मानव के सर्वांगीण विकास पर, योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री व्ही के बिछौतिया, ग्रंथपाल ने विद्यार्थियों को अच्छा कैरियर बनाने के तरीके सुझाए तथा उन्होंने सलाह दी कि यदि मेहनत आदत बन जाए तो सफलता आपके चरण चूमने पर विवश होती है। प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने बड़े ही रुचि के साथ भाग लेते हुए सिविल सेवा, बैंकिंग, पटवारी तथा मेडिकल लाइन में कैरियर बनाने के लिए से संबंधित प्रश्न पूछे और उनका विषय विशेषज्ञों के द्वारा जवाब दिया गया। तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के सह-समन्वयक डॉ स्मिता गिरगुने ने विद्यार्थियों, वक्ताओं तथा संस्था के समस्त सहायक प्राध्यापकों का आभार व्यक्त किया।

**द्वितीय कार्यक्रम:**

दिनांकः 24.11.2020 को स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सभी विद्यार्थियों हेतु केंद्र सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वाधान में एलएनजी फाउंडेशन स्किल सेंटर और दीनदयाल उपाध्याय- ग्रामीण कौशल योजना" इंदौर के द्वारा नि:शुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार से संबंधित ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया । एलएनजी फाउंडेशन स्किल सेंटर के केंद्र प्रभारी व प्रशिक्षण विशेषज्ञ, श्री अजीत सिंह ने नि:शुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण योजना की संपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा साथ ही राज्य प्रभारी श्री जितेंद्र पाटीदार ने भी उक्त योजना की संपूर्ण जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान की। इसके बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं, संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ. प्रभा सोनी द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मार्गदर्शन देते हुए इस नि:शुल्क कौशल विकास योजना का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गए सवालों का समाधान, प्रशिक्षण विशेषज्ञों के द्वारा किया गया । तत्पश्चात व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के सह-समन्वयक डॉ. दुर्गेश

तेली द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, प्रशिक्षण विशेषज्ञों तथा समस्त महाविद्यालय स्टाफ का इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

## तृतीय कार्यक्रम:

दिनांकः 26.11.2020 को स्नातकोत्तर उतरार्ध के सभी विद्यार्थियों हेतु आयोजित ऑनलाईन कार्यक्रम में व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के सह-समन्वयक, श्री दुर्गेश तेली, सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) ने 'भारतीय संविधान में हमारे मौलिक कर्तव्य' विषय पर बहुत ही ज्ञानवर्धक एवं विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया।

## चतुर्थ कार्यक्रम:

दिनांकः 27.11.2020 को स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों हेतु रोजगार पर केन्द्रित विषय 'माह-नवंबर, 2020 में विज्ञापित कुछ महत्वपूर्ण सरकारी जॉब्स एवं रोजगार के विविध अवसर' पर कैरियर मार्गदर्शन के प्रकोष्ठ प्रभारी, डॉ. राकेश सिंह परस्ते द्वारा कई महत्वपूर्ण सरकारी जॉब्स के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई तथा किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें और अपने रूचि के अनुसार जॉब की चयन कैसे करें आदि विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

***********************

## माह- दिसम्बर, 2020

माह-दिसंबर, 2020 हेतु निर्धारित एवं प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार कक्षावार विभिन्न तिथियों में कुल 05 (पांच) ऑनलाईन कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 10 विषय-विशेषज्ञों ने नीचे दिए गए कॉलम नंबर 3 में वर्णित रोजगार केन्द्रित विषयों पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किए तथा इस ऑनलाईन मार्गदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से 210 छात्र एवं 184 छात्राएं लाभान्वित हुए जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | दिनांक | मार्गदर्शन का विषय | विषय विशेषज्ञ/मार्गदर्शन देने वाले का नाम, पद, मोबाइल नं | लाभान्वित विद्यार्थियों की वर्ग अनुसार संख्या | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ST | | SC | | OBC | | GEN | | TOTAL | |
| | | | | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F |
| 1 | 23.12.2020 (स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु) | 'उद्यम स्थापना की पूर्व तैयारियां' | डॉ. दीपिका सेठे, सहा. प्राध्या (गृह विज्ञान) Mo- 9753981082 | 13 | 05 | 16 | 07 | 09 | 10 | 04 | 12 | 42 | 34 |
| | | 'मातृभाषा का जीवन में महत्व' | डॉ. धर्मेन्द्र कोरी, सहा.प्राध्या. (हिंदी) Mo- 9340402100 | | | | | | | | | | |
| 2 | 24.12.2020 (स्नातक द्वितीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों हेतु) | ग्रामीण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एवं स्वावलंबन के अवसर तथा अध्ययन संबंधी कठिनाईयों के निराकरण हेतु विद्यार्थियों से संवाद | श्री यशवंत अलावा, सहा. प्राध्या. (वाणिज्य) Mo- 9753423989 | 16 | 06 | 19 | 09 | 18 | 12 | 05 | 10 | 58 | 37 |
| | | एमपी पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सही रणनीति एवं निबंध लेखन पर मार्गदर्शन | डॉ. शर्मिला मीणा, सहा. प्राध्या. (वाणिज्य) Mo- 8962560042 | | | | | | | | | | |
| 3 | 28.12.2020 (स्नातक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों हेतु ) | प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें | डॉ. दीप्ति अग्रवाल, सहा. प्राध्यापक (वाणिज्य) Mo- 9826870607 | 10 | 03 | 05 | 03 | 07 | 04 | 03 | 05 | 25 | 15 |
| | | स्नातक उपाधि के पश्चात् रोजगार के अवसर | डॉ. निर्मला डोंगरे, सहा. प्राध्या.(अर्थशात्र) Mo- 9340290218 | | | | | | | | | | |
| 4 | 29.12.2020 (स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु) | स्नातकोत्तर पश्चात् स्वरोजगार एवं रोजगार के विविध अवसर | डॉ. दीपिका सेठे सहा. प्राध्या. (गृह विज्ञान) Mo- 9753981082 | 12 | 06 | 03 | 09 | 10 | 29 | 04 | 09 | 29 | 53 |
| | | कुटीर एवं कृषि उद्योगों के अंतर्गत स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर | श्रीमती अनिला बजाज, अतिथि विद्वान (उद्यमिता वि.) Mo- 9425408882 | | | | | | | | | | |
| 5 | 30.12.2020 (स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु) | शिक्षक बनने के तैयारी तथा उच्च शिक्षा एवं शोध में रोजगार के अवसर | डॉ. स्मिता गिरगुने सह-समन्वयक एवं सहा.प्राध्या. Mo- 7898915508 | 16 | 08 | 12 | 05 | 18 | 25 | 10 | 07 | 56 | 45 |
| | | अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी | डॉ. राकेश सिंह परस्ते प्रकोष्ठ प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) | | | | | | | | | | |
| | कुल योग | | विषय विशेषज्ञों की सं.- 10 | 67 | 28 | 55 | 33 | 62 | 80 | 26 | 43 | 210 | 184 |

***********************

## माह- जनवरी, 2021

माह-जनवरी, 2021 में वार्षिक कैरियर कैलेण्डर हेतु निर्धारित एवं प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार कक्षावार विभिन्न तिथियों में कुल 05 (पांच) ऑनलाईन कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 06 विषय-विशेषज्ञों ने नीचे दिए गए कॉलम नंबर 3 में वर्णित रोजगार केन्द्रित विषयों पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किए तथा इस ऑनलाईन मार्गदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से 177 छात्र एवं 218 छात्राएं लाभान्वित हुए जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | दिनांक | मार्गदर्शन का विषय | विषय विशेषज्ञ/मार्गदर्शन देने वाले का नाम, पद, मोबाइल नं | लाभान्वित विद्यार्थियों की वर्ग अनुसार संख्या | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ST | | SC | | OBC | | GEN | | TOTAL | |
| | | | | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F |
| 1 | 23.01.2021 (स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु) | 'नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षण उपरांत सुनिश्चित रोजगार' | श्री शुभम सैनी, प्रशिक्षण विशेषज्ञ, प्रधानमंत्री कौशल केंद्र, हरदा Mo- 7441124050<br>डॉ. नंद किशोर गौर, , प्रशिक्षण विशेषज्ञ, प्रधानमंत्री कौशल केंद्र, हरदा | 12 | 06 | 07 | 15 | 08 | 13 | 05 | 07 | 32 | 41 |
| 2 | 25.01.2021 (स्नातक द्वितीय वर्ष हेतु) | मध्य प्रदेश के उद्योगों का परिचय और उनमें रोजगार की संभावननाएं | डॉ. निर्मला डोंगरे, सहा. प्राध्या.(अर्थशात्र) Mo- 9340290218 | 07 | 15 | 12 | 18 | 09 | 11 | 06 | 08 | 34 | 52 |
| 3 | 27.01.2021 (स्नातक तृतीय वर्ष हेतु ) | हिंदी –अंग्रेजी भाषिक दक्षता एवं द्विभाषीए की भूमिका और रोजगार के अवसर | डॉ. राकेश सिंह परस्ते प्रकोष्ठ प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) Mo- 9425803487 | 12 | 08 | 15 | 17 | 13 | 12 | 04 | 05 | 44 | 42 |
| 4 | 28.01.2021 (स्नातकोत्तर पूर्वार्ध हेतु) | जीवन –कौशल एवं अभिप्रेरणात्मक व्याख्यान | श्री दुर्गेश तेली सहा.प्राध्या. (राजनीति विज्ञान) एवं सह-समन्वयक Mo- 95601544868 | 10 | 04 | 06 | 13 | 11 | 18 | 03 | 06 | 30 | 41 |
| 5 | 30.01.2021 (स्नातकोत्तर उत्तरार्ध हेतु) | सी.व्ही. (रिज्यूम) कैसे बनायें तथा व्यक्तित्व विकास के विविध आयाम | डॉ. स्मिता गिरगुने सहायक प्राध्या. (वाणिज्य) एवं सह-समन्वयक Mo- 7610213035 | 09 | 07 | 10 | 13 | 14 | 17 | 04 | 05 | 37 | 42 |
| | कुल योग | | विषय विशेषज्ञों की सं.- 06 | 50 | 40 | 50 | 76 | 55 | 71 | 22 | 31 | 177 | 218 |

***********************

## माह- फरवरी, 2021

माह-जनवरी, 2021 में वार्षिक कैरियर कैलेण्डर हेतु निर्धारित एवं प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार कक्षावार विभिन्न तिथियों में कुल 02 (दो) ऑनलाईन कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 02 विषय-विशेषज्ञों ने नीचे दिए गए कॉलम नंबर 3 में वर्णित रोजगार केन्द्रित विषयों पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किए तथा इस ऑनलाईन मार्गदर्शन कार्यक्रम से 71 छात्र एवं 82 छात्राएं लाभान्वित हुए जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | दिनांक | मार्गदर्शन का विषय | विषय विशेषज्ञ/मार्गदर्शन देने वाले का नाम, पद, मोबाइल नं | लाभान्वित विद्यार्थियों की वर्ग अनुसार संख्या | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ST | | SC | | OBC | | GEN | | TOTAL | |
| | | | | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F |
| 1 | 23.02.2021 (स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष हेतु) | तकनीकी –कौशल रोजगार प्राप्ति हेतु सफल उपाय | श्री दुर्गेश तेली सहा.प्राध्या. (राजनीति विज्ञान) एवं सह-समन्वयक Mo- 95601544868 | 12 | 05 | 06 | 11 | 10 | 16 | 04 | 07 | 32 | 39 |
| 2 | 24.02.2021 (स्नातकोत्तर पूर्वार्ध एवं उतरार्ध हेतु) | व्यावसायिक परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें एवं रोजगार के विविध अवसर | डॉ. स्मिता गिरगुने सहायक प्राध्या. (वाणिज्य) एवं सह-समन्वयक Mo- 7610213035 | 10 | 06 | 09 | 13 | 15 | 18 | 05 | 06 | 39 | 43 |
| | कुल योग | | विषय विशेषज्ञों की सं.- 02 | 22 | 11 | 15 | 24 | 25 | 34 | 09 | 13 | 71 | 82 |

**********************

## माह- मार्च, 2021

माह-जनवरी, 2021 में वार्षिक कैरियर कैलेण्डर हेतु निर्धारित एवं प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार कक्षावार विभिन्न तिथियों में कुल 02 (दो) ऑनलाईन कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 87 छात्र एवं 119 छात्राएं लाभान्वित हुए जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | दिनांक | मार्गदर्शन का विषय | विषय विशेषज्ञ/मार्गदर्शन देने वाले का नाम, पद, मोबाइल नं | लाभान्वित विद्यार्थियों की वर्ग अनुसार संख्या | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ST | | SC | | OBC | | GEN | | TOTAL | |
| | | | | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F |
| 1 | 13.03.2021 | Role of IQAC: The Development of Educational Institute for the Accreditation | डॉ. राजेंद्र कुमार यादव प्राचार्य शासकीय कन्या खरगोन (म.प्र.) Mo- 9753947720<br>डॉ. दिनेश कुमार सिंह सहा. प्राध्या. (इतिहास) भारती महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय Mo- 9958033589 | 13 | 08 | 06 | 18 | 12 | 26 | 07 | 10 | 38 | 62 |
| 2 | 24.02.2021 (UG & PG समस्त विद्यार्थियों हेतु) | Strategic Approach in Career Building | श्री राजेश यादव UGC NET, MBA Finance IIFM Bhopal Mo- 8357845992 | 15 | 08 | 10 | 16 | 18 | 24 | 06 | 09 | 49 | 57 |
| | कुल योग | | विषय विशेषज्ञों की सं- 03 | 28 | 16 | 16 | 24 | 30 | 50 | 13 | 19 | 87 | 119 |

### वर्तुअल सेमिनार का आयोजन:

दिनांक: 25/03/2021 को स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा के कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा 'Strategic Approach in Career Building' विषय पर वर्चुअल सेमिनार का आयोजन किया गया । संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य, डॉ. प्रभा सोनी द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कैरियर प्राप्त करने के लिए सुनियोजित तरीके अपनाने के लिए सभी प्रतिभागियों का मार्ग प्रशस्त किया गया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक सचिव एवं नोडल अधिकारी, डॉ धीरा शाह ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता श्री राजेश यादव UGC NET, MBA Finance, IIFM Bhopal ने अपने वक्तव्य में अत्यंत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान करते हुए सलाह दी कि कैरियर बनाने के लिए सिर्फ आई.ए. एस. या आई पी एस ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए, हर किसी को अपने रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। कैरियर के कई विकल्प मौजूद हैं जिसका चुनाव कर हम अपना बेहतर दे सकते हैं। उन्होंने आगे विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य आसानी से प्राप्त की जा सकती है बस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक सुनियोजित रणनीति होनी चाहिए तथा कठिन परिश्रम एवं लगन की जरूरत होती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी), डॉ. राकेश सिंह परस्ते ने किया। कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहा।

संलग्न: उक्त समस्त गतिविधियों की संबंधित दस्तावेज क्रमशः संलग्न हैं।

डॉ. राकेश सिंह परस्ते
प्रकोष्ठ प्रभारी एवं सहा. प्राध्या. (अंग्रेजी)
स्वामी विवेकानंद शास. स्नातकोत्तर महा. हरदा

(डॉ. प्रभा सोनी)
अध्यक्ष एवं प्राचार्य
स्वामी विवेकानंद शास. स्नातकोत्तर महा. हरदा